=+1>*t30

Title : Need to meet the demand for additional mobile phone connections and Sim cards in Bokaro, Dhanband, Giridih and other districts in the State of Jharkhand. - Laid.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** महोदय, सरकार द्वारा बेसिक फोन से मोबाइल फोन का पल्स 60 सैकेंड का निर्धारित किया गया है, परन्तु झारखंड राज्य के बोकारो स्टील सिटी और अन्य शहरों में 30 सैंकेंड का पल्स रेट लिया जा रहा है, जिसके कारण ग्रामीण तथा छोटे शहरों में रहने वाले लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

झारखंड राज्य में बी.एस.एन.एल द्वारा पर्याप्त संख्या में मोबाइल कनेक्शन एवं सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण काला बाजारी बढ़ रही है। इसी प्रकार दिल्ली में एस टी डी फैक्स करने पर टेलीफोन मीटर के अलावा 20 रूपये प्रति फैक्स सेवा शुल्क लिया जाता है।

अतः सरकार से आग्रह है कि सम्पूर्ण देश में 60 सैंकेड का पल्स करने व झारखंड राज्य के सभी जिले खासकर बोकारो, धनबाद एवं गिरिडीह जिले में मांग के अनुसार सिम कार्ड एवं मोबाइल कनैक्शन उपलब्ध कराते हुए फैक्स सेवा शुल्क सरकार द्वारा निर्धारित दर के अनुसार लिया जाये।